श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016)

एफ.1(113)/एल.बी.एस.एन.एस.यू./जी.ए.डी. /2023-24/759 दिनांक: 27.09.2023

# कार्यालय आदेश

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या D.O. No.2-50/2023(CPP-II) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत पत्र संख्या 2/8/2019-SBM IV दिनांक 22.09.2023 के अनुपालन में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा 01 अक्टूबर, 2023 को सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करना है।

उपरोक्त कार्यक्रम हेतु सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार श्री रमाकांत उपाध्याय, अधिशासी अभियंता को क्षेत्र इकाई समन्वयक के रूप में नामित किया गया है। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान को सफल बनाने हेतु इस संबंध में आयोजित की गयी बैठक के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर के पास स्थित शिव गोरखनाथ मंदिर, परिसर में उक्त दिवस पर उपस्थित अध्यापकगण/ अधिकारीगण/ कर्मचारीगण/ छात्र-छात्राएँ 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अन्तर्गत निरीक्षण उपरान्त आवश्यक स्थानों को चिन्हित कर सफ़ाई आदि कार्य सम्पन्न करेंगे।

भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त अभियान में व्यापक भागीदारी के लिए swachhtahisewa.com पोर्टल पर सभी गतिविधियों को अपलोड करना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए समन्वयक NSS छात्रों को प्रेरित करेंगे। विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकगण/ अधिकारीगण/ कर्मचारीगण/ छात्र-छात्राएँ स्वच्छता अभियान में भाग लेने के लिए प्रार्थित हैं।

1. श्री अंजनी कुमार, सहायक अभियन्ता उपरोक्त कार्यक्रम के सुचारू रूप से सञ्चालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित करें।
2. संगणक केन्द्र को निम्नलिखित आशय से प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित कर, समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को व्हाट्सएप्प एवं संदेश के माध्यम से सूचित करें एवं Geotagged फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी इत्यादि की उचित व्यवस्था करें।

यह आदेश सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है।

मनजीत सिंह

मंजीत सिंह
सहायक कुलसचिव (सा. प्र.)

प्रतिलिपि:

(1) समस्त पीठाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ।
(2) कुलानुशासक/ मुख्य सतर्कता अधिकारी/ जन संपर्क अधिकारी
(3) उपकुलसचिव (लेखा/ परीक्षा)
(4) विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को सूचनार्थ।
(5) ओ.एस.डी. (कुलपति)।
(6) निजी सचिव - कुलपति/ कुलसचिव/ वित्ताधिकारी/ परीक्षा नियंत्रक/ पुस्तकालय अध्यक्ष।
(7) समस्त सूचना पट्ट छात्र-छात्राओं के सूचनार्थ।
(8) संबंधित पत्रावली।
(9) कार्यालय आदेश पत्रावली।

मनजीत सिंह

मंजीत सिंह
सहायक कुलसचिव (सा. प्र.)

for n.a.ph.
Sh. Sachin
Sh. Jeevan
27/09/23